NCERT SOLUTIONS

CLASS - 8TH

aglasem.com

Class : 8th

Subject : वसंत

Chapter : 9

Chapter Name : कबीर की साखियाँ

Q1 ‘तलवार का महत्व होता है म्यान का नहीं’ - उक्त उदाहरण से कबीर क्या कहना चाहते हैं? स्पष्ट कीजिए।

Answer. ‘तलवार का महत्व होता है म्यान का नहीं’ - उक्त उदाहरण से कबीर कहना चाहते हैं कि असली चीज़ की क़द्र करनी चाहिये| किसी मनुष्य की पहचान उसके ज्ञान से करनी चाहिए, उसकी जाति के आधार पर नहीं| मनुष्य के ज्ञान का महत्त्व होता हैं|

Page : 52, Block Name : पाठ से

Q2 पाठ की तीसरी साखी-जिसकी एक पंक्ति है 'मनुवाँ तो दहुँ दिसि फिरै, यह तो सुमिरन नाहिं' के द्वारा कबीर क्या कहना चाहते हैं?

Answer. कबीरदास जी इस पंक्ति के द्वारा यह कहना चाहते हैं कि ईश्वर की भक्ति के लिए एकाग्रचित होना आवश्यक है। केवल माला जपने से या मुँह से राम नाम का जाप करने से ही ईश्वर की प्राप्ति नहीं होती हैं। यदि हमारा मन चारों दिशाओं में भटक रहा हैं और मुख से हरि का नाम ले रहे हैं तो वह सच्ची भक्ति नहीं हैं।

Page : 52, Block Name : पाठ से

Q3 कबीर घास की निंदा करने से क्यों मना करते हैं। पढ़े हुए दोहे के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

Answer. कबीर घास की निंदा करने से मना करते हैं क्योंकि किसी को भी छोटा समझकर हमें खुद पर घमंड नहीं करना चाहिए| यदि उसी घास का एक तिनका भी उड़कर हमारी आँख में चला जाये तो हमें बहुत कष्ट होता हैं|

Page : 52, Block Name : पाठ से

Q4 मनुष्य के व्यवहार में ही दूसरों को विरोधी बना लेने वाले दोष होते हैं। यह भावार्थ किस दोहे से व्यक्त होता है?

Answer. मनुष्य के व्यवहार में ही दूसरों को विरोधी बना लेने वाले दोष होते हैं। यह भावार्थ निम्नलिखित दोहे से व्यक्त होता है –

"जग में बैरी कोइ नहीं, जो मन सीतल होय।

या आपा को डारि दे, दया करै सब कोय||"

Page : 52, Block Name : पाठ से

Q1 "या आपा को डारि दे, दया करै सब कोय।"

"ऐसी बानी बोलिए मन का आपा खोय।"

इन दोनों पंक्तियों में 'आपा' को छोड़ देने या खो देने की बात की गई है। 'आपा' किस अर्थ में प्रयुक्त हुआ है? क्या 'आपा' स्वार्थ के निकट का अर्थ देता है या घमंड का?

Answer. यह 'आपा' शब्द का अर्थ घमंड हैं| घमंड के कारण ही मनुष्य दूसरों को खुद से छोटा समझता हैं|

Page : 52, Block Name : पाठ से आगे

Q2 आपके विचार में आपा और आत्मविश्वास में तथा आपा और उत्साह में क्या कोई अंतर हो सकता है? स्पष्ट करें।

Answer. आपा का अर्थ अहंकार/ घमंड होता है जबकि आत्मविश्वास का अर्थ हैं खुद पर विश्वास करना|

आपा का अर्थ घमंड होता है और उत्साह का अर्थ किसी कार्य को करने की खुशी या इच्छा से है।

Page : 52, Block Name : पाठ से आगे

Q3 सभी मनुष्य एक ही प्रकार से देखते-सुनते हैं पर एकसमान विचार नहीं रखते। सभी अपनी-अपनी मनोवृत्तियों के अनुसार कार्य करते हैं। पाठ में आई कबीर की किस साखी से उपर्युक्त पंक्तियों के भाव मिलते हैं,एकसमान होने के लिए आवश्यक क्या है? लिखिए।

Answer. कबीर की निम्न साखी से उपर्युक्त पंक्तियों के भाव मिलते हैं –

"आवत गारी एक है, उलटत होइ अनेक।

कह कबीर नहिं उलटिए, वही एक की एक||"

सभी मनुष्य एक ही प्रकार से देखते-सुनते हैं पर एकसमान विचार नहीं रखते। एकसमान होने के लिए सभी के विचार एक जैसे होने चाहिये|

Page : 52, Block Name : पाठ से आगे

Q4 कबीर के दोहों को साखी क्यों कहा जाता हैं? ज्ञात कीजिए।

Answer. कबीर के दोहों को साखी इसलिए कहा जाता हैं क्योंकि इनमें श्रोता को साक्षात् ज्ञान दिया जाता हैं| साखी का अर्थ होता हैं साक्षी या साक्षात्| कबीर ने जो कुछ आँखों से देखा उसे अपने शब्दों में व्यक्त करके लोगों को समझाया।

Page : 52, Block Name : पाठ से आगे

Q5 बोलचाल की क्षेत्रीय विशेषताओं के कारण शब्दों के उच्चारण में परिवर्तन होता है जैसे वाणी शब्द बानी बन जाता है। मन से मनवा, मनुवा आदि हो जाता है। उच्चारण के परिवर्तन से वर्तनी भी बदल जाती है। नीचे कुछ शब्द दिए जा रहे हैं उनका वह रूप लिखिए जिससे आपका परिचय हो। ग्यान, जीभि, पाउँ, तलि, आँखि, बरी।

Answer.

- ग्यान – ज्ञान

aglasem.com

- जीभि – जीभ
- पाउँ – पाँव
- तलि – तले
- आँखि - आँख
- बरी - वैरी

Page : 53, Block Name : भाषा की बात

aglasem.com